वीयू – सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरिनरी मेडिसिन की प्रतिनिधि का दौरा

दिनांक 27 मई 2026 को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरिनरी मेडिसिन की प्रतिनिधि मिस एकातेरिना लियुटिक ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (NDVSU), जबलपुर का दौरा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं रूसी विश्वविद्यालय के मध्य हस्ताक्षरित एमओयू (MoU) के क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में छात्र एवं संकाय आदान–प्रदान, संयुक्त सेमिनार/कॉन्फ्रेंस/वर्कशॉप के आयोजन तथा संयुक्त अनुसंधान प्रस्तावों पर विशेष रूप से विचार–विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो मनदीप शर्मा जी द्वारा की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. मधु स्वामी डॉ. सुनील नायक, डॉ. लखानी, डॉ. सुदीप्तो घोष, अधिष्ठाता डॉ. राखी वैश्य, डॉ. पूनम शाक्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं महू एवं रीवा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला तथा डॉ. ए.पी. सिंह ऑनलाइन माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए।

इस दौरान डॉ. एकातेरिना लियुटिक ने वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के विभिन्न विभागों का भी भ्रमण किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर